Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 09 नवंबर, 2023

स्कूलों में सेनेटरी नैपकिन वितरित करने के लिये नीतियों की आवश्यकता

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा केंद्र को **सैनिटरी नैपकिन** वितरण पर ज़ोर देने के साथ एक **"इष्टतम" मासिक धर्म स्वच्छता रणनीति रिकॉर्ड** करने तथा देश में सरकारी सहायता प्राप्त और आवासीय स्कूलों में प्रति महिला जनसंख्या पर लड़कियों के शौचालयों की संख्या निर्धारित करने के लिये एक राष्ट्रीय मॉडल स्थापित करने का आदेश दिया है।

- यह माना गया कि कुछ राज्य पहले से ही सैनिटरी नैपकिन के वितरण के लिये अपनी योजनाएँ लागू कर रहे हैं।
  - तमिलनाडु में लड़कियों को **छह नैपकिन वाले 18 पैकेट** दिये गए।
  - पूर्वोत्तर राज्यों ने भी अपनी-अपनी योजनाओं में प्रगतिशीलता दिखाई है।
- नवीनतम राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (NFHS-5) में 15-24 आयु वर्ग की महिलाओं के प्रतिशत में महत्त्वपूर्ण सुधार पाया गया, जो अपने मासिक धर्म चक्र के दौरान सुरक्षा के स्वच्छ तरीके का उपयोग करती हैं, यह प्रतिशत **NFHS-4 में 58% था जो बढ़कर 78%** हो गया है।

और पढ़ें: विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस, स्वच्छ भारत दिशानिर्देश

सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग फंड का 80% हिस्सा अप्रयुक्त

उद्योग मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (PLI) योजना के माध्यम से **सेमीकंडक्टर उत्पादन के लिये आवंटित 10 बिलियन अमेरिकी डॉलर** में से **लगभग 8 बिलियन अमेरिकी डॉलर का दावा नहीं किया गया** है।

- वर्ष 2021 में, भारत ने देश में सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के लिये लगभग **10 बिलियन अमेरिकी डॉलर की PLI योजना** की घोषणा की।
- घरेलू विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिये **भारत सरकार द्वारा PLI योजना** शुरू की गई थी।
  - यह योजना भारत में उत्पाद बनाने वाली कंपनियों को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है।
  - इसमें **14 प्रमुख क्षेत्र** शामिल हैं:



//

और पढ़ें: भारत सेमीकंडक्टर मिशन

आधार प्रमाणीकरण: कारागार सुरक्षा का सुदृढ़ीकरण

गृह मंत्रालय ने देश के लगभग 1,300 कारागारों में कैदियों और आगंतुकों के लिये आधार प्रमाणीकरण लागू करने हेतु एक पहल का प्रस्ताव पेश किया है।

- **राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र** (NIC) द्वारा **विकसित ई-प्रज़िन प्रणाली के साथ आधार सेवाओं के एकीकरण** का उद्देश्य कैदियों एवं आगंतुकों का सटीक सत्यापन करना है, ताकि कारागार प्रणाली के भीतर पहचान संबंधी धोखाधड़ी को कम करके कैदी प्रबंधन से संबंधित प्रशासनिक प्रक्रियाओं को बेहतर व सरल बनाया जा सके।
- **गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, प्रमाणीकरण प्रक्रिया स्वैच्छिक होगी,** जिसमें प्रासंगिक दिशा-निर्देशों का पालन करने की ज़िम्मेदारी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की होगी।

उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस

प्रतिवर्ष **9 नवंबर** को **उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस** के रूप में मनाया जाता है, क्योंकि इसी दिन **9 नवंबर 2000 को** उत्तराखंड को उत्तरी उत्तर प्रदेश से अलग कर **भारत के 27वें राज्य के रूप में गठित** किया गया था।

- राज्य का मूल नाम उत्तरांचल था, किंतु वर्ष 2007 में इसका नाम बदलकर उत्तराखंड कर दिया गया। उत्तराखंड नाम संस्कृत भाषा से लिया गया है जिसका अर्थ "उत्तरी भाग" है।
- उत्तराखंड प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विविधता और धार्मिक महत्त्व की भूमि है। यह बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री नाम के **चार पवित्र हिंदू तीर्थ स्थलों** की भूमि है।
- उत्तराखंड में दो यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, फूलों की घाटी (Valley of Flowers) और **नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान** मौजूद हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-09-november,-2023